**अग्रवाल महाविद्यालय में 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 25.01.2023 को राजनीति शास्त्र विभाग व लीगल लिट्रेसी सेल द्वारा 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ड़ा. कृष्ण कांत गुप्ता जी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता व मतदान एक अधिकार व कर्तव्य विषयों पर स्लोगन लेखन व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। एक लोकतांत्रिक देश की नींव वहां के नागरिकों को मिले मतदान के अधिकार पर निर्भर करती है। हालांकि देश में मतदान का रुझान कम है। वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 18 वर्ष की आयु के बाद हर आयु, वर्ग और लिंग के लोगों को मतदान का अधिकार है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया की पूरा देश 25 जनवरी 2023 इस साल अपना 13वां मतदाता दिवस मना रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में मतदाताओं की एक मुख्य भूमिका होती है, उनके पास अपने एक वोट से सरकार को 5 साल के लिए सत्ता में लाने की शक्ति होती है। देश में वोट देकर वोटर देश और राज्य के प्रति एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक होने के कर्तव्य को पूरा करते हैं। इस प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अश्मिता, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान कोमल, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान निशा भाटी, बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार अंजलि, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा को दिया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी, बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर निकिता , बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रहीं व तीसरे स्थान पर चंचल , बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रहीं। निर्णायक मंडल की भूमिका में ड़ा. शोभना गोयल , ड़ा. पूजा सैनी और कुमारी उदिता कुंडू ने निभायी। इस अवसर पर श्रीमती कमल टंडन, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. रामचन्दर डॉ. जगवीर सिंह, श्री मोहित हुडा समेत सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने निष्पक्ष मतदान की शपथ ली।